आज दिनांक 4 फरवरी 2017 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी जिसका विषय था – "मैमोरी एनहांसमेंट एन्ड कॉन्फिडेंस बिल्डिंग" (स्मृति एवं आत्मविश्वास का निर्माण) I इस अवसर पर डॉo राजेश धनखड़ (बाल मनोचिकित्सक, पीo जीo लन्दन) उपस्थित थे I महाविद्यालय प्राचार्य डॉo कृष्णकांत गुप्ता की प्रेरणा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम महाविद्यालय में समय समय पर कराये जाते हैं I इसी कड़ी में यह कार्यक्रम डॉo शिल्पा गोयल के मार्गदर्शन में कराया गया I डॉo धनखड़ ने अपने वक्तव्य में अपनी याददाश्त को बढ़ाने के लिए छोटे छोटे फॉर्मूले बताये जिनके द्वारा आत्मविश्वास की वृद्धि होती है और विद्यार्थी उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है I इस कार्यशाला में बीo बीo एo और बीo बीo एo (कैम) के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्रश्नों के माध्यम से जिज्ञासाओं का समाधान किया I प्रबंधन विभाग के नीलम, डोली, तृप्ति, निधि के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ I